**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**TERMINAL EXAMINATION 2019-20**

**SUBJECT : HINDI** — **CLASS : VIII**
**TIME : 2 ½ HOURS** — **MARKS : 80**

---

Answer to this paper must be written on the paper provided separately. You will not be allowed to write during the first 10 minutes.
The time is to be spent in reading the question paper. The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.
This paper comprises of two sections: Section A and Section B.
Attempt all the questions from Section A.
Attempt any three questions from Section B (Question No. 5,6,7,8) and question No. 9 compulsory.

## SECTION A (40 MARKS)

## ATTEMPT ALL QUESTIONS

प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (१५)

१) सपने में अंतरिक्ष यात्रा

२) बड़ी लुभावनी विज्ञापन की दुनिया

३) 'बाल मज़दूरी' एक अपराध

४) 'लालच बुरी बला' उक्ति को ध्यान में रखकर एक कहानी लिखिए।

५) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



प्रश्न २. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (८)

१) 'शिक्षक दिवस' पर अपने प्रिय अध्यापक को उनकी दी हुई सीख के प्रति धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए।

२) आपका छोटा भाई/ बहन छात्रावास में रहता है। उसे कुसंगति की हानियाँ बताते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न ३. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर यथा सम्भव अपने शब्दों में लिखिए। (१०)

एक राजा के चार पुत्र थे। राजा ने उनको बुलाकर कहा कि जो सर्वश्रेष्ठ धर्मात्मा को ढूँढ़कर लाएगा वही राज्य का उत्तराधिकारी बनेगा। पिता की आज्ञा प्राप्त कर चारों राजकुमार घोड़ों पर सवार हुए और चारों दिशाओं में चले गए। कुछ दिनों बाद बड़ा राजकुमार अपने साथ किसी सेठ को लाया और उसने बताया,''ये सेठ जी हमेशा सहस्त्रों रुपये दान करते हैं। इन्होंने बहुत से मंदिरों, धर्मशालाओं तथा जलाशयों का निर्माण करवाया है। ये नित्य भगवत कथा श्रवण करते हैं।"

दूसरा राजकुमार अपने साथ एक कृशकाय ब्राह्मण को लेकर आया। उसने कहा, ''इन विप्रदेव ने समस्त तीर्थ स्थानों का भ्रमण पैदल ही किया है। असत्य व क्रोध से ये कोसों दूर हैं। नियम से पूजा करके ही जल पीते हैं।"

तीसरे राजकुमार के साथ एक साधु महाराज थे। उनका शरीर कंकाल मात्र था पर उनकी बड़ी भारी जटाएँ थीं।उसने कहा, '' ये बहुत बड़े तपस्वी हैं। सात दिनों में एक बार दूध पीते हैं। गर्मी में पंचाग्नि तापते हैं। सर्दी में जल में खड़े रहकर भगवान का ध्यान करते हैं।"

राजा ने तीनों को ही धर्मात्मा समझकर उन्हें आदर सहित राज्य सभा में स्थान दिया और छोटे राजकुमार की प्रतीक्षा करने लगे।

अंत में सबसे छोटा राजकुमार अपने साथ एक मैले कपड़े पहने देहाती को लाया। वह बेचारा दूर से ही डरता हुआ राजा के सामने आया। तीनों बड़े भाई उसकी मूर्खता पर हँसने लगे। उसने कहा कि, ''एक कुत्ते के शरीर पर घाव हो गए थे। पता नहीं वह किसका कुत्ता था, इसने देखा और घाव धोकर उसकी मरहम-पट्टी कर दी। मैं इसे ले आया, पता नहीं कि यह धर्मात्मा है या नहीं। आप स्वयं पूछ लें।"

तब राजा ने पूछा, ''तुम धर्म के लिए क्या करते हो?" देहाती ने डरते हुए कहा, ''मैं अनपढ़ हूँ, धर्म क्या जानूँ? कोई मुसीबत में होता है तो उसकी मदद कर देता हूँ।"

तब राजा ने कहा, ''यह देहाती सबसे बड़ा धर्मात्मा है क्योंकि धार्मिक काम करना तो धर्म है ही, किंतु सर्वोत्तम धर्म हैं बिना किसी के चाहे असहाय प्राणियों की सहायता करना, किसी भूले को बिना किसी स्वार्थ के अन्न देना और कष्ट में पड़े व्यक्ति के कष्ट दूर करना" और राजा ने सबसे छोटे राजकुमार को राज्य का उत्तराधिकारी बना दिया।

प्रश्न :-

१) राजा के कितने पुत्र थे? वे कहाँ और क्यों गए? (२)

२) पहले, दूसरे और तीसरे राजकुमार के साथ कौन-कौन आया था? (२)

३) देहाती को कौन लाया था? देहाती ने राजा के प्रश्न का क्या उत्तर दिया? (२)

४) राजा ने किसे सबसे बड़ा धर्मात्मा माना और क्यों? (२)

५) प्रस्तुत कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है? (२)

प्रश्न ४. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

१) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (१)

प्राचीन, प्रमुख , गुप्त, उचित

२) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (१)

किरण, अरण्य, अंग, तारा

३) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए। (१)

१) त्वरा २) वेद

४) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए। (१)

१) विद्‌वान २) तपस्वी

५) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए। (१)

१) डींगें हाँकना २) पेट काटना

६) कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार कार्य करके वाक्य पुनः लिखिए। (३)

१) सभा में उपस्थित हर एक सदस्यों का यही मत था। (वाक्य शुद्ध कीजिए।)

२) चित्रकार चित्र बनाता है। ('द्‌वारा' शब्द का प्रयोग कीजिए।)

३) मिठाई पर मक्खी बैठी है। (वचन बदलिए)

## SECTION – B [ 40 MARKS]

प्रश्न ५. निम्नलिखित गद्‌यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"सिरिल, तुम्हें इस जाति के पक्षियों को बचाने में मेरी मदद करनी होगी", जैसे ही वे घर से बाहर निकले डॉ.राव बोल उठे।

१) किस पक्षी को बचाने की बात हो रही है ? डॉ. राव उसे क्यों बचाना चाहते हैं ? स्पष्ट कीजिए। (२)

२) डॉ. राव ने उस पक्षी के बारे में क्या बताया ? (२)

३) उस पक्षी को बचाने के लिए डॉ. राव ने क्या योजना बनाई तथा उसके अंड़ों के प्रति बहुत सावधानी बरतने के लिए क्यों कहा ? (३)

४) 'पक्षी रक्षक ' पाठ के माध्यम से लेखन ने क्या सीख दी है ? समझाकर लिखिए। (३)

प्रश्न ६. निम्नलिखित गद्‌यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए। ऐसी सहानुभूति जिससे एक के लाभ-हानि को दूसरा अपना समझे। मित्रता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दो मित्र एक ही प्रकार का कार्य करते हों या एक ही रुचि के हों।

१) मित्र का चुनाव करते समय किन –किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? (२)

२) मैत्री का उद्‌देश्य क्या है ? समझाकर लिखिए। (२)

३) प्रवृत्ति और आचरण की समानता न होने पर भी मित्रता क्यों बनी रहती है ? उदाहरण सहित स्पष्ट करें। (३)

४) 'विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषधि है।' स्पष्ट करते हुए बताइए कि सच्चे मित्र के क्या कर्तव्य होने चाहिए। (३)

प्रश्न ७. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

कर दिया मधु और सौरभ, दान सारा एक दिन,
किंतु रोता कौन है, तेरे लिए दानी सुमन?
मत व्यथित हो पुष्प, किसको सुख दिया संसार ने
स्वार्थमय सबको बनाया है यहाँ करतार ने।

१) कविता में सुमन को 'दानी' क्यों कहा गया है? समझाकर लिखिए। (२)

२) उक्त पंक्तियों में कवयित्री फूल को क्या समझा रही हैं? स्पष्ट कीजिए। (२)

३) कविता के आधार पर खिले हुए फूल तथा सूखे फूल की स्थिति में अंतर स्पष्ट करते हुए लिखिए कि मनुष्य और पुष्प के स्वभाव में क्या अंतर है? (३)

४) प्रस्तुत कविता द्वारा कवयित्री क्या संदेश देना चाहती हैं? (३)

प्रश्न ८. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

देखा आँगन के कोने में कई नवागत
छोटे-छोटे छाता ताने खड़े हुए हैं।
छाता कहूँ या विजय पताकाएँ जीवन की
या हथेलियाँ खोले थे वे नन्हीं, प्यारी
जो भी हो, वे हरे-भरे उल्लास से भरे
पंख मारकर उड़ने को उत्सुक लगते थे,
डिंब तोड़कर निकले चिड़ियों के बच्चों-से।

१) कवि ने बचपन में क्या गलती की थी और क्यों? स्पष्ट कीजिए। (२)

२) कवि ने आँगन में क्या देखा? उन्हें देखकर कवि को क्या प्रेरणा मिली? (२)

३) हम धरती को माँ क्यों कहते हैं? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (३)

४) अर्थ लिखिए- (३)

१) नवागत २) पताकाएँ ३) डिंब ४) नन्हीं ५) उल्लास ६) विजय

## बाल महाभारत

प्रश्न ९. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

१) कर्ण को किसने पाला पोसा था? वह कैसा बालक था? (२)

२) द्रोणाचार्य ने एकलव्य से गुरु दक्षिणा में क्या माँगा? और क्यों? (२)

३) ऋषि परशुराम ने कर्ण को क्या श्राप दिया? और क्यों? समझाकर लिखिए। (३)

४) भीम अधिक शक्तिशाली कैसे बन गया? विस्तारपूर्वक लिखिए। (३)